खबर संक्षेप

## ग्राम मालखेड़ी में कुएं में गिरा बाघ



**मण्डला।** दिनांक 21 एवं 22 की मध्य रात्रि 12.30 बजे वन परिक्षेत्र आशिकारी खापा को दूरभाष पर सुचना प्राप्त हुई की ग्राम मालखेड़ी मे एक ग्रामीण के घर के पास स्थित कुए मे एक बाघ गिर गया है। परिक्षेत्र अधिकारी द्वारा सूचना वरिष्ठ अधिकारियो को दी गई और क्षेत्र संचालक कान्हा टाइगर रिजर्व द्वारा सहायक संचालक मलाजखंड और सिझोरा का संयुक्त दल बनाकर बाघ को सुरक्षित रेस्क्यू करने के लिए निर्देशित किया गया। दल द्वारा मौका स्थल पर पहुंच कर विभागीय और स्थानीय संसाधनों का उपयोग करते हुए बाघ को कुए से बाहर निकालने मे सफलता प्राप्त की और सूचना मिलने के मात्र 2 घण्टे में रात्रि 2.45 पर बाघ कुए से बाहर निकाला गया। बाघ स्वयं वन क्षेत्र की और चला गया। कान्हा के अधिकारी और कर्मचारियों द्वारा स्थानीय ग्रामीणों को सुरक्षित एवं सतर्क रहने हेतु रात्रि मे घर घर पहुंचकर जागरूक किया गया।

### विद्या निकेतन स्कूल पर एसडीएम बिछिया की कार्रवाई के बाद भी संचालन का आरोप

# जर्जर भवन में क्यों संचालित हो रहा स्कूल

*** जांच की मांग जोरो पर।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

जनपद पंचायत बिछिया अंतर्गत ग्राम पंचायत ककैया में संचालित विद्या निकेतन स्कूल पर प्रशासन की सख्ती के बावजूद एक बार फिर अनियमित संचालन के आरोप सामने आ रहे हैं। उल्लेखनीय है कि 25 जून 2025 को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बिछिया द्वारा स्कूल में पाई गई गंभीर अनियमितताओं के चलते इसे तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया था।

कार्यवाही के समय बीईओ बिछिया, डीपीसी मण्डला, एपीसी अवधेश नारायण पाण्डेय, सीएसी सेवन सिंह मरकाम तथा अमित पटेल मौजूद थे। प्रशासन ने पाया कि स्कूल अत्यंत जर्जर भवन में संचालित हो रहा था, जो विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिहाज से खतरनाक था।




### अतिक्रमण कर चल रहा संचालन?

सूत्रों के अनुसार, स्कूल संचालक द्वारा शासकीय सहकारी बैंक ककैया के समीप स्थित शासकीय भूमि पर अवैध रूप से बाउंड्री वॉल बनाकर स्कूल का संचालन पुनः शुरू कर दिया गया है। जानकारी यह भी है कि यह स्थान उसी भवन के समीप है जिसे प्रशासन ने हाल ही में सील किया था।

### अधिकारियों की मिलीभगत का आरोप

स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि शिक्षा विभाग के कुछ अधिकारी स्कूल संचालक से मिले हुए हैं और एसडीएम के आदेशों को नजरअंदाज कर रहे हैं। बिना वैध अनुमति के स्कूल का पुनः संचालन संदेह के घेरे में है। इस पूरे घटनाक्रम की स्वतंत्र जांच की मांग जोर पकड़ रही है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब किसी स्कूल को मान्यता दी जाती है, तो विभागीय अधिकारी मौके पर जाकर जांच करते हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि एक जर्जर भवन में संचालित स्कूल को कैसे मान्यता दी गई? यह मामला केवल एक स्कूल तक सीमित नहीं है यदि जिले में संचालित सभी निजी स्कूलों की सघन जांच कराई जाए, तो कई स्कूलों की मान्यताएं रद्द होने की स्थिति में आ सकते हैं।






### शिक्षा विभाग का जवाब

जिला शिक्षा विभाग से पूछे जाने पर बताया गया कि जिला जांच समिति की अनुशंसा पर स्कूल को दो माह की अस्थायी मोहलत दी गई है, ताकि वह शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार संचालन की व्यवस्था कर सके। यदि निर्धारित समयावधि में सुधार नहीं होते हैं, तो विभाग द्वारा कठोर कार्यवाही की जाएगी। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया कि सील किए गए भवन में फिलहाल कोई संचालन नहीं हो रहा, बल्कि स्कूल किसी अन्य किराए के भवन में अस्थायी रूप से चल रहा है। अब देखने वाली बात यह होगी कि अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) इस प्रकरण में संलिप्त अधिकारियों और संचालक के विरुद्ध क्या कार्यवाही करते हैं, और क्या यह स्कूल आगे चलकर नियमों के अनुसार संचालित हो पाएगा या नहीं।

### इनका कहना है :-

*जिला जांच समिति द्वारा यह प्रस्तावित किया गया था कि विद्यालय को दो माह की अवधि प्रदान की जाए, ताकि इस समयावधि के भीतर विद्यालय संचालन में पाई गई कमियों को दूर किया जा सके। यदि निर्धारित अवधि में विद्यालय प्रबंधन द्वारा उक्त कमियों को दूर नहीं किया जाता है, तो विद्यालय की मान्यता रद्द करने की कार्यवाही की जाएगी। जांच समिति के प्रस्ताव के आधार पर विभाग द्वारा विद्यालय को दो माह तक संचालन की अनुमति प्रदान की गई है।*

***-अरविंद विश्वकर्मा,***
**जिला परियोजना समन्वयक (डीपीसी), मण्डला**

## रासायनिक खाद को लेकर किसानों ने किया 1 घंटे का चक्का जाम



*** शासन की कार्यप्रणाली पर उठ रहे हैं सवाल।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

आदिवासी बाहुल्य जिले मंडला में डबल लाक प्रणाली से खाद वितरण किया जा रहा है। शासन से कृषकों को दिए जाने हेतु खाद डबल लाक में उपलब्ध कराई जाती है लेकिन इस डबल लॉक प्रणाली से किसानों को बहुत सी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। मंडला जिले के बिछिया में दिनांक 22/07/2025 दिन मंगलवार को इसके चलते हंगामा खड़ा हो गया जब शासन की इस प्रणाली से आक्रोशित होकर किसानों ने राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में धरना में बैठकर जाम कर दिया गया। आनन फानन में स्थानीय प्रशासन पहुंचा और मामले को शांत किया।

किसानों के द्वारा खाद वितरण प्रणाली से त्रस्त होकर यह चक्का जाम किया गया, जो कि शासन की विफलता और नाकामी को दर्शाता है, अभी 4 दिन पूर्व शुक्रवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिछिया के द्वारा बिछिया विधानसभा के विधायक नारायण सिंह पट्टा के नेतृत्व में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर बिछिया विधानसभा में डबल लाक प्रणाली के माध्यम से हो रही खाद वितरण प्रणाली का विरोध जताया था, साथ ही खाद की कमी को दूर करने की और लैंप्स सहकारी समितियो के माध्यम से खाद का विवरण करने की मांग की गई थी।

### इनका कहना है -

*खाद वितरण डबल लॉक प्रणाली खाद की कमी के विरोध में 4 दिनों पूर्व ही धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा गया था जिसमें विधायक नारायण सिंह पट्टा के द्वारा खाद की कमी तथा किसानों को होने वाली समस्याओं को लेकर कलेक्टर मंडला को अवगत कराया गया था जिस पर कार्यवाही करते हुए तुरंत जांच कराई गई और जांच में पाया गया कि खाद किसानों के नाम पर खाद व्यापारियों को दी जा रही है।*

***-प्रदीप गोस्वामी, अध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिछिया***

### कलेक्टर ने सुनी समस्याएं, अधिकारियों को दिए निर्देश

**मण्डला।** जिला योजना भवन में सम्पन्न हुई जनसुनवाई में कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने आवेदकों की समस्याएं सुनते हुये उनके समुचित निराकरण के आवश्यक निर्देश संबंधित विभाग प्रमुखों को दिए। जनसुनवाई में 76 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किये। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, श्री जेपी यादव, एसडीएम मण्डला श्रीमती सोनल सिडाम ने जनसुनवाई में पहुंचे आवेदकों की समस्याएं सुनी। संपन्न हुई जनसुनवाई में समग्र आईडी, राशन कार्ड एवं आवास योजना, वाद विवाद, तथा दिव्यांग योजना एवं अगल-अलग विषयों से संबंधित आवेदन आए।

## नारायणगंज बस स्टैंड में बस आना बंद हो गया

*** लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज

बस स्टैंड नारायणगंज में कल सुबह से एक भी बस का आना-जाना नहीं हो रहा है जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है विश्वा सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि सोमवार की रात किसी बस वाले से ऑटो चालक की बहस हो जाने के कारण उनके लोगों का आपसी में बहस के साथ झगड़े की स्थिति निर्मित हो गई जिससे बस वालों ने एकता बनाते हुए बसों को अंदर नहीं लाने का फैसला लिया सुबह से ही लोग परेशान हो रहे हैं बस स्टैंड से मैली चौराहा की दूरी करीब एक किलोमीटर पड़ती है जो कि लोग पैदल चलकर यहां वहां जा रहे हैं बस वाले कहते हैं कि बस स्टैंड में अवैध अतिक्रमण अवैध ठेलों का होना बीच सड़क में प्राइवेट गाड़ियां खड़ी हो जाती हैं ऑटो चालक मनमाने ढंग से खड़े रहते हैं चारों तरफ अतिक्रमण हुआ है जिससे बस निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ता है आए दिन दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है यहां पर अधिक से ज्यादा लोग अपने मनमर्जी से ठेले खड़े कर देते हैं एवं मोटरसाइकिल का झुंड प्राइवेट गाड़ियों का झुंड बस स्टैंड में रहता है जिससे बस को निकलने में परेशानी होती है जबकि बस स्टैंड इतना बड़ा है कि 20 से 25 गाड़ी एक साथ खड़ी हो सकती है परंतु अवैध अतिक्रमण एवं अव्यवस्थित ठेलों के खड़े होने के कारण जगह कम पड़ रही है।



**प्रतियोगिता** | **जबलपुर में आयोजित बैडमिंटन प्रतियोगिता में रहा मंडला के खिलाड़ियों का जलवा**

# उम्र को मात देते बेहतरीन खेल का प्रदर्शन

*** आनंद, अमित बने विजेता-संकल्प्र, अविनाश उपविजेता।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मध्य प्रदेश बैडमिंटन संघ के सह सचिव व मंडला जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव चंद्रेश खरे और मंडला जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के सह सचिव नीलेश राय के नेतृत्व में मंडला जिले के वरिष्ठ खिलाड़ियों की टीम ने जबलपुर में आयोजित सीनियर बैडमिंटन टूर्नामेंट में भाग लिया और अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से मंडला जिले का नाम रोशन किया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में जबलपुर, सिवनी, होशंगाबाद, सतना, सागर और मंडला के खिलाड़ियों ने विभिन्न आयु वर्गों में भाग लिया। मंडला टीम ने विशेष रूप से 40+ और 50+ आयु वर्ग में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए शानदार उपलब्धियां हासिल कीं। मंडला ने 40+ आयु वर्ग के युगल मुकाबलों में खास उपलब्धि अपने नाम की। इस वर्ग में आनंद राय और अमित सिहारे की जोड़ी ने दमदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। 50+ आयु वर्ग युगल में संकल्प दुबे और अविनाश (पॉपुलर) जैन की जोड़ी ने सराहनीय खेल दिखाते हुए उपविजेता होने का गौरव हासिल किया। इसके साथ ही 40+ आयु वर्ग के एकल मुकाबले में नीलेश राय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल तक का सफर तय किया। फाइनल मैच में शानदार खेल का प्रदर्शन करने के बावजूद वे उपविजेता बने। प्रतियोगिता में मंडला टीम की सक्रिय भागीदारी और लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन ने दर्शकों और आयोजकों का ध्यान आकर्षित किया। इस प्रतियोगिता में वरिष्ठ खिलाडी चंद्रेश खरे व अमोद श्रीवास की जोड़ी ने भी अपनी छाप छोड़ी। पूरी प्रतियोगिता के दौरान शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए चंद्रेश खरे व अमोद श्रीवास की जोड़ी सेमीफइनल तक पहुंची लेकिन फाइनल में जगह नहीं बना पाई। शैलू मिश्रा ने भी प्रतियोगिता में शिरकत करते हुए अपने खेल से दर्शकों को प्रभावित किया। मंडला जिला बैडमिंटन एसोसिएशन ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए भविष्य में और अधिक उपलब्धियों की कामना की। मंडला के खिलाड़ियों की यह उपलब्धि जिले के लिए गर्व की बात है और आने वाले युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत भी। बता दे कि मंडला जिले के खिलाडी प्रदेश व देश में अपनी पहचान बना रहे है। मंडला के खिलाडी देश की प्रतिष्ठित गोपी चंद एकेडमी में भी कोचिंग ले रहे है। इससे उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही मंडला के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान स्थापित करने में कामयाबी हासिल करेंगे।





## खबर संक्षेप



### शिक्षा में अल्प सहयोग से बच्चों के चेहरों पर जो खुशी देखने मिली है उससे मन प्रसन्न हो जाता है - बसेड़िया

**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** समाज सेवा के लिये सदा ही तत्पर रहने वाले मुकेश बसेड़िया शायद ऐसा कोई क्षेत्र बाकी रहता हो जहां पर समाज सेवा के रूप में लोगों का सहयोग करने में पीछे दिखाई देते हो..? असहाय लोगों के सेवा से लेकर जंगल क्षेत्र के बहुच बीहिन गांव हो या फिर शिक्षण संस्थाओं में अध्ययन करने वाले छात्र छात्राओं के सहयोग की बात रहती हो। बसेड़िया द्वारा आये दिन समाज सेवा के लिये लोगों का सहयोग करते हुये देखे जाते है। इसी प्रकार से बीते हुये दिवस मुकेश बसेड़िया ने आर्थिक रूप से कमजोर सालीचौका के एक स्कूल में अध्ययनरत कक्षा छठवीं की छात्रा व उसके भाई के लिये अपनी और शैक्षणिक सामग्री के आलवा अन्य जरूरी चीजे उपलब्ध बराई गई। इस दौरान उन्होने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुये दोनों बेटा बेटी को स्कूल जाने के लिए प्रोत्साहित किया। ज्ञात हो कि बसेड़िया द्वारा निरन्तर आदिवासी अंचल के वनग्रामो, नर्मदा तटों तथा विभिन्न राज्यो के तीर्थ क्षेत्रो में बेटियों को पढ़ाने तथा स्कूल जाने के लिए प्रोत्साहित कर उन्हें पठन लेखन शिक्षण सामग्री भेट करते हुये देखे जाते है।

### छोटे भाई की पत्नी के साथ की मारपीट

**गाडरवारा।** स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी अनुसार बीते हुये दिवस नर्मदा कालोनी निवासी एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मेरा और मेरे जेठ भरत विश्वकर्मा से मकान में लगे नगर पालिका के पानी के नल को लेकर विवाद चल रहा है। बीते हुये दिवस जब नगर पालिका के नल से पानी भरने की बात को लेकर मेरा जेठ भरत विश्वकर्मा व ससुर बालचंद विश्वकर्मा से विवाद हुआ था जिसकी मैने थाना में रिपोर्ट की थी। इसी बात को लेकर मेरे जेठ भरत विश्वकर्मा आया और गंदी गंदी गालिया देने लगा जब पीड़िता द्वज्ञरा गाली देने से मना किया तो आरोपी जेठ द्वारा मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर प्रार्थिया की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी जेठ के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### बगैर पैसा के बीड़ी न देने पर जीजा साले ने मिलकर की मारपीट

**गाडरवारा।** समीपस्थ सिहोरा पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम दुधवारा निवासी एक किराना दुकान के संचालक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह अपनी किराना दुकान पर बैठा हुआ था उसी समय गांव का रंजीत लोधी व उसका जीजा राजा लोधी आये और प्रार्थी से बीड़ी का बंडल मांगा। दुकानदार प्रार्थी द्वारा बगैर पैसा के बीड़ी का बंडल देने से इंकार किया तो दोनों ने एक राय होकर दुकानदार को गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी जीजा साले के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### कार में टक्कर मारते हुये क्षति पहुंचाई

**गाडरवारा।** नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसारर बीते हुये दिनों नर्मदापुरम जिले के अंतर्गत शोभापुर रोड पिपरिया निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह अपनी गाड़ी क्र.MP04CS0610 से ग्राम बाघाकुडी से रिस्तेदारों के साथ बापिस आ रहे थें उसी दौरान कांच मंदिर के पास एक कार क्रमांक MP49C2970 के चालक द्वारा तेज गति व लापरवाही पूर्वक अपनी कार को चलाते हुये टक्कर मारकर क्षति पहुंचाई।

# बेअसर साबित हो रही मछली मारने पर लगा हुआ प्रतिबंध, जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी के चलते नर्मदा सहित अन्य नदियों में धडल्ले से किया जा रहा शिकार











हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। इस समय जिस प्रकार से क्षेत्र की स्थिति देखने मिल रही है उससे यह अनुमान लगनने से नही चूक पा रहा है कि शायद अब जिले में कानून व्यवस्था का नामो निशान ही मिट चुका है और अधिकारियों द्वारा दिये जाने वाले आदेश मात्र औपचारिकता पूर्ण होकर रह गये है..? क्योंकि जहां जिला दंड अधिकारी द्वारा संपूर्ण जिले में इस मछली मारने से लेकर उनका परिवहन व विक्रय करने पर पूर्णरूप से 15 अगस्त तक के लिये प्रतिबंध लगाया गया है। मगर इसके बाद भी धडल्ले में क्षेत्र की जीवन रेखा माने जाने वाले नर्मदा नदी सहित अन्य नदियों में मछलियों का शिकार के साथ शहरों से लेकर कस्बों में विक्रय होते हुये देखाई दे रहा है। मगर इसके बाद भी प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा चुप्पी साधे होने से यह प्रतीत हो रहा है कि शायद जिला अधिकारी का आदेश उनके सामने कोई महत्व नही रखता है? इस सच्चाई से अनुमान यह लगने लगा है कि जिला स्तर के अधिकारियों द्वारा दिये जाने वाले आदेश जहां मात्र एक औपचारिकता साबित हो रहे है या फिर जिला अधिकारी के अधिनस्थ कार्य करने वाले अन्य अधिकारी जिला अधिकारी के आदेश को कोई महत्व ही नही दे रह गया है ...? खैर सच्चाई जो भी हो मगर इस समय जिस प्रकार से सभी नियमों को दर किनार करते हुये चल रहे अवैध कार्यो की सच्चाई देखते हुये यह जान पड़ रहा है कि अब कानून व्यवस्था को जिले में नामो निशान ही मिट चुका है और अधिकारियों के आदेश मात्र एक औपचारिकता पूर्ण बन चुके है और ऐसा लग रहा है कि शायद अब इस क्षेत्र का भगवान ही मालिक है? क्योंकि लोगों के मन में जहां जो मर्जी होती है वह करने लगता है। मगर उनकी मन मानियों पर अंकुश लगाने में अधिकारी असहाय साबित होते हुये दिखाई दे रहे है। जिसका परिणाम है कि शहर में शराब के साथ मांस मछली विक्रय की गति बढ़ने का नतीजा है कि नगर की वीरान जगहों पर प्रति दिन सुरा प्रेमियों की महफिलें सजने से नही चूक रही है। वही दूसरी ओर मांस मछली व अंडे विक्रय करने वालो की स्थिति इस प्रकार से बनी हुई है कि उनकी जहां मर्जी होती है वह अपनी मांसाहारी दुकान खोलकर बैठे जाते है। यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो आज नगर के अनेक धार्मिक स्थलों से लेकर शिक्षण संस्थाओं के आस पास खुले आम मांस व मछली अंडा की दुकाने सजने के साथ विक्रय होते हुये देखे जाने के बाद भी किसी भी प्रकार की कार्यवाही न होना निश्चित तौर से चिंता जनक सच्चाई को उजागर करने से नही चूक रहा है..? इस प्रकार की स्थिति के चलते जहां नगर का वातावरण प्रदूषित हो रहा है। वही दूसरी ओर धार्मिक स्थलों के इर्द गिर्द बिकने वाली मांसाहारी सामग्री के चलते आमजन की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचने के कारण लोगों मे आक्रोश भी देखने मिल रहा है। जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो नगर की पानी टंकी के पास पास गायत्री मंदिर की ठीक सामने से लेकर पलोटन गंज जाने वाले मार्ग पर हनुमान मंदिर के पास खुलेआम अंडा व अन्य मांसाहारी समान को विकते हुए देखा जा रहा है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई नगर के रेल्वे स्टेशन के पास भी देखने मिल रही है जहां पर प्रति सोमवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार के दिन मछली विक्रय करने वालों द्वारा खुलेआम नदियों से शिकार करते हुये लाई गई छोटी मछलियों को जिस तरह आग के माध्यम से भूंजा जाता है उसकी बदबू संपूर्ण क्षेत्र में फैलने से नही चूक पाती है। कुछ इसी प्रकार का हाल नगर के अन्य अंदरूनी भागों में देखने मिल रहा है। यह सच्चाई सिर्फ गाडरवारा शहर की ही नही बल्कि समीपस्थ सालीचौका, चीचली, सांईखेड़ा, सालीचौका सहित अन्य कस्बों में भी देखने मिल रही है जहां पर प्रतिबंध के बाबजूद खुलेआम नदियों में मछलियों का शिकार करते हुये लोगों द्वारा बाजार में विक्रय करने से नही चूक रहे है। अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि जब इस समय मछलियों के शिकार करने पर प्रतिबंध लगा हुआ है तो फिर यह मछली विक्रय करने के लिये आ कहा से रही है। मगर इस ओर जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा किसी भी प्रकार का ध्यान नही दिये जाने के कारण निश्चित तौर से निमयों की धज्जियाँ उड़ाने वालों के हौसले बुलंद होने से नही चूक पा रहे है...?

# लहराते हुये ट्रांसफार्मर व सब्जी की बेल के अंदर छिपी हुई लाईनों से सप्लाई हो रही बिजली खोल रही विद्युत विभाग के रख रखाव की पोल

हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।

एक ओर जहां बिजली विभाग द्वारा उपभोक्ताओं को आये दिन नये नये नियमों के तहत बिजली बिलो का भुगतान कराया जा रहा है तो दूसरी ओर बिद्युत लाईनों के रख रखाव से लेकर अन्य प्रकार के मदों के माध्यम से राशि ली जा रही है। मगर इसके बाद जब विद्युत सप्लाई की सच्चाई पर नजर डाली जावे तो ऐसा कोई दिन शेष नही रहता होगा जब दिन में अनेकों बार बिजली की आंख मिचौली से लेकर बिजली लाईनों में फाल्ट होने का खमियाजा आम उपभोक्ताओं को भोगने के लिये मजबूर होते हुये न देखा जा रहा हो..?



इस समय चल रही बारिश के दौर में



उमश भरी गर्मी से हलाकान हो रहे

आम लोगों के बीच बिजली की चल रही आंख मिचौली जहां परेशान करने में कोई कसर नही छोड़ रही है। वही दूसरी ओर बिजली लाईनों के रख रखाव व सुधार कार्य के नाम पर जहां बिजली विभाग द्वारा दिन दिन भर सप्लाई बंद रखते हुये सुधार कार्य की औपचारिकता तो निभाई जाती है..। मगर नगर व क्षेत्र में जहां तहां नागिन डांस की तरह लहराते हुये ट्रांसफार्मर व सब्जी की बेलाओं के बीच से सप्लाई हो रही विद्युत व्यवस्था विद्युत विभाग की उदासीनता की पोल खोलने में कोई कसर नही छोड़ रही है..? बताया जाता है कि नगर में अनेक जगहों पर लगे हुये बिजली खम्बो व सप्लाई होने वाली लाईनों पर सब्जी सहित अन्य प्रकार के बेलाये इस तरह जकड़ी हुई देखी जा रही है, जिसके चलते जब भी जरा सी बारिश होती है तो बिजली लाईन फाल्ट होने के कारण विद्युत व्यवस्था ठप्प होने से नही चूकती है। वही दूसरी ओर इस तरह लाईनों में फाल्ट बनने के चलते लोगों के घरों में चलने वाले विद्युत सयंत्र भी खराब होने से नही बच पाते है..? इस प्रकार बिजली लाईनों के रख रखाब में विभाग के जिम्मेदारों द्वारा बरती जा रही उदासीनता का खमियाजा आम उपभोक्ताओं के भोगने के लिये मजबूर होते हुये विद्युत सामग्री खराब होने की स्थिति में आर्थिक क्षति का सामना करते हुये भी देखा जा रहा है।

## एटीएम के आभाव में राशि निकालने के लिए परेशान हो रही खुलरी क्षेत्रवासी




**हरिभूमि न्यूज/खुलरी।** जहां एक ओर शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ देने के लिए सरकार का प्रयास है कि हर व्यक्ति को लाभ बैक के माध्यम से प्राप्त हो जिसमें किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो सके और हर व्यक्ति शासन की योजना का लाभ अपने खाते के माध्यम से ले सके। मगर वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि खुलरी क्षेत्र में स्थित बैक द्वारा अभी तक एटीएम की सुविधा प्रदान नही किये जाने के कारण लोगों को अपने खातों से राशि निकालने के लिए भटकने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है? गौर किया जावे तो खुलरी में स्थिति भारतीय स्टैट बैक शाखा के माध्यम से खुलरी के आलवा ग्राम भौरझिर, घघरोला, पटना, भूमिया ढ़ाना, पिठहरा, सूरना, मुडिया, लिंगा, बिलोनी, बेहरा, तिगुवा, करहैया, सलैया सहित अनेक गांवों के उपभोक्ताओं द्वारा जहां प्रतिदिन लेनदेन किया जाता है, वही दूसरी ओर अनेक ग्राम पंचायतों के खाते भी यही के बैक से संचालित हो रहे है, मगर बैक शाखा द्वारा अभी तक अपने उपभोक्ताओं को राशि निकालने के लिए एटीएम की स्थापना नही किये जाने की स्थिति में क्षेत्र के लोंगो को राशि निकालने के लिए भटकना पड़ता है। क्योंकि यदि किसी को अपनी राशि निकालना होता है तो वह सिर्फ बैक के कार्य दिवस व समय पर पहुंचता है तभी उसे राशि मिल पाती है, यदि अवकाश सहित अन्य समय किसी उपभोक्ता को राशि की जरूरत पड़ती है तो वह भटकने के लिए मजबूर देखा जाता है। इस स्थिति के चलते क्षेत्र की जनता द्वारा ग्राम खुलरी में एटीएम स्थापना की मांग करते हुए यह सुविधा शीघ्र शुरू करने की गुहार लगाई जा रही है।

# मुख्य मार्ग पर सड़क किनारे खड़े रहने वाले बड़े वाहन बन रहे परेशानी का कारण



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** इस समय देखा जा रहा है कि जिस ताह से सड़कों पर यातायात बढ़ रहा है उसके चलते आये दिन घटनाएं घटित होना आम बात होती चली जा रही है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो गाडरवारा पिपरिया मार्ग पर जिस प्रकार से बड़े वाहनों की धमाचौकड़ी मची हुई उसके चलते आये दिन घटित होने वाली घटनाओं के चलते आम लोगों की जान खतरे में पड़ रही है, मगर वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि इस मार्ग पर सड़क किनारे बने हुए ढ़ाबो पर जिस प्रकार से सड़क किनारे बड़े वाहन खड़े रहते है उसके चलते यातायात प्रभावित तो हो ही रहा है साथ ही साथ आम लोगों की जिन्दगी भी खतरे से खाली नही है? बताया जाता है कि नगर के समीप शांति दूत तिरहा के पास से लेकर कामती की ओर जाने वाले मार्ग पर बडे वाहनों में ट्रक व डम्फर इस प्रकार से खड़े कर दिये जाते है जिसके चलते जब यहां से छोटे वाहनों व स्कूली बच्चों का निकलना होता है तो उन्हें आगे का मार्ग दिखाई ही नही पड़ता है। कुछ इसी प्रकार का हाल इस मार्ग पर कामती व सांईखेड़ा की ओर जाते वक्त रास्ते में पड़ने वाले ढ़ाबों के पास देखा जाता है जहां पर दिन दिन भर इन बड़े वाहन चालको द्वारा अपने वाहनों को सड़क के किनारे खड़ा करते हुए भोजन करने में लग जाते है और आम लोगों को परेशानियों का सामना करने के लिए छोड़ दिया जाता है। इस प्रकार से सड़क किनारे खडे होने वाले वाहनों की ओर प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार से ध्यान नही दिये जाने से लग रहा है कि शायद प्रशासन द्वारा किसी दिन कोई बड़ी घटना घटित होने का इंतजार किया जा रहा हो? क्योंकि सड़को के किनारे ढ़ाबाओं का संचालन करने वालो द्वारा अपने स्वार्थ के चलते कारोबार तो किया जा रहा है मगर उनके द्वारा इन वाहनों के पार्किंग हेतु कोई उचित व्यवस्था नही बनाई गई है जिसके चलते वाहन चालक सड़क किनारे ही अपने वाहनों को खड़ा करने से नही चूकते है? इस सच्चाई को लेकर प्रशासन से अपेक्षा व्यक्त की जा रही है कि नगर के आमगांव नाका शांतिदूत तिरहा सहित इस मार्ग के ढ़ाबो के सामने सड़क किनारे खड़े होने वाले वाहनों पर अंकुश लगाया जावे जिससे किसी बड़ी घटना को घटित होने के पहले रोक लग सके, यदि समय रहते हुए प्रशासन द्वारा इस ओर ध्यान नही दिया गया तो निश्चित किसी दिन कोई बड़ी घटना घटित होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है?

# युवा संगम योजनांतर्गत 84 युवाओं का हुआ प्रारंभिक चयन

## नगर में आयोजित हुआ रोजगार/ स्वरोजगार अप्रेंटिसशिप मेला

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

युवा संगम योजनांतर्गत रोजगार/ स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में शहर के शासकीय महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज में किया गया। बताया जाता है कि इस मेले में विभिन्न क्षेत्रों से आई हुई कंपनियों द्वारा 84 युवाओं का रोजगार के लिए प्रारंभिक चयन किया गया। वही दूसरी ओर इस दौरान एक हितग्राही को तीन लाख रुपये का ऋण वितरित किया गया। इस अवसर पर सतीश कौरव, हर्षित तिवारी, अरूण बड़कुर सहित अन्य जनप्रतिनिधि के आलवा पंकज पटेल, एमजी घोरमारे, योगेन्द्र वाजपेयी सहित अधिकारी- कर्मचारी और युवा मौजूद थे। यह कार्यक्रम जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, शासकीय आईटीआई एवं जिला रोजगार कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया।




युवा संगम कार्यक्रम में लगभग 107 युवक/ युवतियों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया गया था। निजी क्षेत्र की प्रथम एजूकेशन जबलपुर द्वारा 9, आई.पी.एस ग्रुप भोपाल द्वारा 12, एस.आई.एस. सिक्योरिटी अनुपपुर द्वारा 24, एल.आई.सी. गाडरवारा द्वारा 15, शिव शक्ति एग्रीटेक जबलपुर द्वारा 4 और राव्या वर्कफोर्स प्रा.लि. लखनऊ उत्तर प्रदेश द्वारा 20 इस तरह कुल 84 युवाओं का रोजगार के लिए प्रारंभिक चयन किया। कार्यक्रम में स्वरोजगार मूलक योजनाओं से संबंधित विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ऋण संबंधी जानकारी देने के साथ ही विभिन्न कम्पनियों द्वारा स्टॉल लगाकर अपने मापदंडानुसार साक्षात्कार उपरांत युवाओं की भर्ती कर रोजगार उपलब्ध कराया। इस दौरान स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता भी प्रदान की गई।

# ट्रेक्टर ट्रालियों में ओवर लोडिंग से सड़कों पर गिरने वाली मिट्टी बन रही परेशानी का कारण

हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।



इस समय नगर की सड़कों पर देखा जा रहा है कि जिस प्रकार से नियम विरूद्व ट्रेक्टरों का परि संचलन किया जा रहा है उस ओर प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार का ध्यान नही दिये जाने का परिणाम यह है कि ट्रेक्टरों के संचालक पूर्णरूप से अपनी मनमानी पर उतारू होकर आम लोगों तथा नगरवासियों की जिन्दगी को खतरे में डालते हुए देखे जा रहा है? यदि इन ट्रेक्टरों के संचालन की स्थिति पर गौर किया जावे तो यहां पर अनेक ट्रेक्टर कृषि कार्य के नाम पर रजि. होने के बाद भी अन्य कार्यो में लगे हुए है? मगर प्रशासन का ठुलमुल रवैया होने के कारण इन ट्रेक्टर चालको के हौसले बुलंद देखे जा रहे है? इतना नही आये दिन दिखा जाता है कि जब इन ट्रेक्टरों से मिट्टी, रेत व गिट्टी की ठुलाई करते हुए नगर में प्रवेश करते है तो इन ट्रेक्टरों को इस प्रकार के नाबांलिक बच्चों द्वारा दौड़ाते हुए देखा जाता है कि जिनके पैर न तो ब्रेक तक पहुंच पाते है और न ही उनकी उम्र वाहन चलाने की होती है..? इसके बाद भी प्रशासन की कुम्भ कर्णी निंद्रा का परिणाम है कि उनके द्वारा छूट प्रदान किये जाने के कारण यह लोग आम लोगों की जिन्दगी को खतरे में डालते हुए देखे जा रहे है? वही अक्सर नगर की सड़कों पर इन ट्रेक्टरों का संचालन होते हुए उस समय देखा जाता है जब बच्चों के स्कूल छूटने तथा लगने का समय होता है, स समय नगर की सड़कों पर दौड़ने वाले ट्रेक्टरों की गति को देखते हुए यह जान पड़ता है कि शायद मासूमो का अब भगवान ही मालिक है? यदि गौर किया जावे तो इन ट्रेक्टरों में ढोये जाने वाली मिट्टी को ट्रेक्टर मालिको द्वारा इस प्रकार से भरते हुए नगर की सड़को पर दौड़ाया जाता है जिसके चलते जब वह मिट्टी सड़को पर गिरने के बाद अन्य छोटे वाहन चालको के लिए खतरा की घंटी बताते हुए जान पड़ती है, क्योंकि सड़को पर गिरने वाली इस मिट्टी के चलते जहां बाइक सबारों को फिसलने का भय बना रहता है तथा इस मिट्टी के धूल में परिवर्तित होने के बाद सड़क को गंदा तो करती ही है साथ ही साथ जब इस मिट्टी से बनी हुई धूल के गुब्बरे बनकर उड़ते है तो लोगों का सांस लेना भी दूभिर हो जाता है? जिसके चलते जहां नगर के लोग इन ट्रेक्टर चालको की मनमानी से परेशान देखे जा रहे है, वही दूसरी ओर लोगों की जिन्दगी के लिए खतरा भी जान पड़ रहे है?

# दम तोड़ रही युवाओं के लिए चलाई जा रही योजनाएं, बैकों में जाकर अटक रहे फाईले

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** जहां एक ओर प्रदेश की सरकार द्वारा शिक्षित बेरोजगारो को रोजगार मुहैया कराने के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि यह योजनाएं बैंको की मनमानी के चलते दम तोड़ रही है? गौर किया जावे तो अनेक रोजगार मूलक योजनाओं के आंकड़े बेहद चौकाने वाले है जो हर वर्ष बैंको की हठधर्मी की वजह से योजनाओं के लक्ष्य की पूर्ति नही हो पा रही है? ऐसे में युवा की जिन्दगी संभालने के लिये चलाई जाने वाली योजनाओं के नाम पर खुद को छला महसूस कर रहे है। स्वरोजगार पाने की खातिर अनेक युवा बैंको के चक्कर काट काट कर परेशान होकर थक गये है, वही दूसरी ओर देखा जावे तो शिक्षित बेरोजगारो की उम्मीदे दम तोड़नें लगी है? बैंको द्वारा सहयोग नहीं किये जाने से विभिन्न योजनाओं के तहत स्वीकृत ऋण प्रकरणो में से आाधे हितग्राही भी लाभांवित नही हो पाते, बैंको में स्वरोजगार योजनाओं के प्रकरण भेजने के बाद वहां से शिक्षित बेरोजगारो को ऋण मिलना टेडी खीर साबित हो रहा है? युवाओं द्वारा स्वरोजगार योजनाएं के लिए दिये गये आवेदन के संबंध में जब संबंतिध अधिकारियों से चर्चा की जाती है तो वहां पर बताया जाता हे कि उनके द्वारा प्रकरण तैयार करते हुए बैंकों में भेज दिया गया है, मगर बैको में अधिकारी बात करने के लिए भी तैयार नही होते है, जिसके चलते प्रदेश की सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं लगातार फेल होती हुए जान पड़ रही है? सही मायने में देखा जावे तो युवाओं को लेकर सरकार द्वारा योजनाये संचालित करते हुये उन्हें पैरों पर खड़े करने की बात तो कही जाती है मगर वह मात्र एक औपचारिकता पूर्ण साबित होने से नही चूक पाती है।



**नाम परिवर्तन सूचना**

सोनम सिंह पति राजेश कुमार पटेल निवासी इमलिया रोड करेली तह. करेली जिला नरसिंहपुर म. प्र. द्वारा श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी महोदय राजस्व गाडरवारा के नाम शपथ पत्र प्रस्तुत करते हुये बताया है कि मैं उपरोक्त पते की स्थाई निवासी हूँ। यह है कि शपथकर्ता ग्राम मडेसुर रा. नि. मं. सिहोरा तहसील गाडरवारा जिला नरसिंहपुर में पटवारी पद पर पदस्थ हूँ। मेरे विवाह के पूर्व के दस्तावेजों में मेरा नाम सोनम सिंह राठौर दर्ज है। मुझ शपथकर्ता का विवाह दिनांक 08.03.2020 को राजेश कुमार पटेल आ. मोतीलाल पटेल निवासी इमलिया रोड करेली तह. करेली जिला नरसिंहपुर के साथ हिन्दू रीति रिवाज अनुसार संपन्न हुआ है तथा विवाह उपरांत मेरे दस्तावेजो में अपना नाम सोनम सिंह पत्नि राजेश कुमार पटेल लिखने लगी हूँ। मेरी सेवा पुस्तिका एवं अन्य शासकीय अभिलेखों में मेरा नाम सोनम सिंह पत्नि राजेश कुमार पटेल दर्ज किया जावे।

शपथकर्ता
सोनम सिंह पति राजेश कुमार पटेल
निवासी इमलिया रोड करेली तह. करेली
जिला नरसिंहपुर (म. प्र. )


# ऐसे हो रहा ग्राम विकास : पंचायत खजाने से बीड़ी फूंक रहे सरपंच-सचिव

**डिंडौरी।** जिले में पंचायती खजाने के दुरुपयोग की तस्वीरें एक बार फिर सामने आई हैं। पंचायतों को गांव के बुनियादी विकास के लिए दी जाने वाली राशि किस तरह नेताओं की आवभगत और बीड़ी-सिगरेट में स्वाहा की जा रही है, इसका ताजा उदाहरण बजाग जनपद पंचायत के मझियाखार और समनापुर जनपद के अंडई पंचायत में देखने को मिला है।

बजाग जनपद पंचायत अंतर्गत मझियाखार पंचायत में सरपंच और सचिव ने भाजपा जिलाध्यक्ष चमरू नेताम के आगमन के नाम पर 2500 रुपए वाहन खर्च के रूप में पंचायत खजाने से निकाल दिए। सचिव सीता गौतम का कहना है कि भाजपा जिलाध्यक्ष का आगमन सरकारी कार्य था, इसलिए वाहन की व्यवस्था की गई और भुगतान पंचायत फंड से किया गया। सरपंच से इस पर अधिक जानकारी लेने की बात कही जा रही है।

### - चाय-नाश्ता, पंडाल और टेंट के नाम पर लाखों की निकासी

यह मामला यहीं नहीं रुका। जांच में सामने आया है कि पंचायत में पांचवें वित्त आयोग के तहत आवंटित राशि से चाय-नाश्ता, टेंट-पंडाल और जनरेटर के नाम पर खुलेआम बंदरबांट किया जा रहा है। दस्तावेज बताते हैं कि —




13 अक्टूबर 2024 को टेंट, पंडाल, जनरेटर, कुर्सी और लाइट के नाम पर 35,850 रु गुनगुन टेंट हाउस को दिए गए।
14 अगस्त 2024 को नमकीन, बूंदी, चाय-पानी के नाम पर 20,000 रु खर्च कर दिए गए।
02 जनवरी 2025 को फिर पंडाल, टेबल-कुर्सी और जनरेटर के नाम पर 34,000 रु की निकासी हुई। गणेश विसर्जन में भी पंचायत खाते से 12,600 रु निकाल दिए गए।

जबकि पंचायती राज के नियमों में साफ कहा गया है कि पांचवें और पंद्रहवें वित्त आयोग के फंड का उपयोग प्राथमिकता के साथ स्वच्छता, पेयजल और बुनियादी निर्माण कार्यों में किया जाना चाहिए। लेकिन जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि ग्राम विकास को छोड़कर चाय-पानी और नेताओं के स्वागत में धन बहा रहे हैं।

- 15वें वित्त से भी चाय-काफी और किराना
इतना ही नहीं, 15वें वित्त आयोग से आवंटित राशि का हाल भी कम चौंकाने वाला नहीं है —
चाय-काफी के नाम पर 15,220 रु
किराना सामग्री के नाम पर 24,080 रु खर्च कर दिए गए।
15वें वित्त आयोग के तहत 30% राशि स्वच्छता, 30% पेयजल और 40% पक्के निर्माण कार्यों में लगाई जानी है, लेकिन यहां उसके उलट केवल चाय-पानी और भोज का खेल चल रहा है।

### - बीड़ी घोटाला : 150 की जगह 370 रु पुड़ा!

एक तरफ सरकार नशामुक्ति अभियान चला रही है, वहीं समनापुर जनपद पंचायत अंतर्गत अंडई पंचायत ने तो हद कर दी। 2 फरवरी 2025 को




पंचायत द्वारा पास बिल के अनुसार मगज के लड्डू 12 किलो, 50 किलो शक्कर के साथ 10 पुड़ा बंगला बीड़ी भी खरीदी गई। बाजार में जहां एक पुड़ा बीड़ी की दर 150 रु है, वहीं पंचायत ने इसे 370 रु प्रति पुड़ा दिखाकर हजारों रुपए का घोटाला कर डाला। यानी जनता के टैक्स का पैसा बीड़ी-सिगरेट में झोंक दिया गया।

### - शासन के निर्देश हवा में, जिम्मेदार बेफिक्र

शासन ने पंचायती फंड के उपयोग के लिए सख्त दिशा-निर्देश तय कर रखे हैं। लेकिन धरातल पर हकीकत यह है कि फाइलों पर दस्तखत कर सरपंच-सचिव और पंचायत कर्मी मिलकर विकास के पैसों को तम्बाकू, चाय-नाश्ता और नेताओं के स्वागत में उड़ा रहे हैं। जिले में इन अनियमितताओं को लेकर अब सवाल खड़े हो रहे हैं कि क्या जिम्मेदार अधिकारियों की जानकारी में यह सब हो रहा है? क्या जनपद और जिला पंचायत में बैठे अफसर इन घोटालों पर पर्दा डालने में जुटे हैं?

### - ग्रामीणों में आक्रोश, कार्रवाई की मांग

गांवों में सड़क, नाली, स्वच्छता और पेयजल की हालत जर्जर है, लेकिन पंचायत का पैसा जनप्रतिनिधियों के ठाठ-बाठ और बीड़ी-सिगरेट पर लुटाया जा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से इन मामलों की उच्च स्तरीय जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### बिलासर की दीपलता राजपूत ने यूजीसी नेट में हासिल की सफलता



**डिंडौरी।** अमरपुर विकासखंड के ग्राम बिलासर की दीपलता राजपूत ने अपनी मेहनत और लगन से यूजीसी नेट जून 2025 परीक्षा में शानदार सफलता हासिल की है। दीपलता ने संगीत विषय में परीक्षा दी थी, जिसमें कुल 300 में से 178 अंक प्राप्त किए हैं । राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा जारी स्कोरकार्ड के अनुसार दीपलता ने असिस्टेंट प्रोफेसर और पीएचडी में एडमिशन के लिए क्वालीफाई किया है। दीपलता राजपूत, शिक्षक एवं माइंड पावर ट्रेनर गणेश राजपूत एवं गीता राजपूत की पुत्री हैं। कुल 5928 अभ्यर्थियों ने संगीत विषय में रजिस्ट्रेशन कराया था, जिनमें से 4540 परीक्षार्थी उपस्थित हुए। दीपलता ने अपनी मेहनत से सभी को गौरवान्वित किया है। उनकी सफ़लता पर सामाजिक कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों ने शुभकामनाएं प्रेषित की है।

### नवांकुर सखी हरियाली यात्रा कार्यक्रम को लेकर बैठक सम्पन्न, पौधारोपण कर दिया हरियाली का संदेश



**डिंडौरी ।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् विकासखण्ड बजाग द्वारा नवांकुर सखी हरियाली यात्रा कार्यक्रम को लेकर विकासखण्ड के समस्त नवांकुर एवं मेंटर्स की बैठक आदर्श ग्राम केवलारी में आयोजित की गई। बैठक में जिला समन्वयक श्री धर्मेन्द्र चौहान ने उपस्थित सदस्यों को कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी।
बैठक में नवांकुर सखी पंजीयन, एक पेड़ मां के नाम अभियान, नर्सरी स्थापना, वाचनालय एवं संस्कार केंद्र संचालन, BSW एवं MSW में पंजीयन, नवीन प्रस्फुटन समितियों के गठन एवं खाता संचालन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। बैठक के बाद उपस्थित सदस्यों ने नर्सरी का अवलोकन किया तथा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण भी किया गया।
बैठक में जिला समन्वयक श्री धर्मेन्द्र चौहान, विकासखण्ड समन्वयक श्रीमती अंजू दुबे, श्री भानसिंह मरकाम, श्री गुरूदास कुलदीप, श्री खिलावन सिंह गौतम, श्री सुरेन्द्र धर बड़गैंया, श्रीमती पूजा तिवारी एवं श्री त्रिलोकी नाथ वनवासी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।बैठक उपरांत ग्राम गीधा में भी नवांकुर सखी हरियाली यात्रा कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु ग्राम के प्रबुद्ध जनों से संवाद कर विस्तृत रूपरेखा साझा की गई एवं सभी से सक्रिय सहभागिता का आव्हान किया गया।

# डिजिटल क्रॉप सर्वे में लगे लोकल यूथ सर्वेयर ने स्थाई रोजगार व मानदेय की मांग की



**डिंडौरी।** डिजिटल क्रॉप सर्वे में कार्यरत लोकल यूथ (सर्वेयर) ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा कर अपनी मांगों को लेकर गुहार लगाई है। ज्ञापन कलेक्टर के माध्यम से सौंपा गया।लोकल यूथ महासंघ (म.प्र.) द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि मध्यप्रदेश शासन के आदेश क्रमांक MPLRS/DCS/KH-2024/189 के तहत जुलाई 2024 में प्रत्येक ग्राम के पटवारी हलकों में डिजिटल क्रॉप सर्वे (खरीफ, रबी, जायद) हेतु एमपी भू-अभिलेख पोर्टल के माध्यम से इनकी नियुक्ति की गई थी।सर्वेयरों ने खरीफ 2024, रबी 2025, जायद 2025, फार्मर आईडी व आरबीओआर केवाईसी जैसे कार्यों को गंभीर परिस्थितियों के बावजूद पूरी ईमानदारी से समय-सीमा में पूर्ण किया। इसके बावजूद उन्हें केवल इन्सेंटिव के आधार पर भुगतान मिलता है जिससे उनके लिए पारिवारिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करना कठिन हो गया है।

### लोकल यूथ सर्वेयरों की प्रमुख मांगें:

1. लोकल यूथ को स्थायी रोजगार व मासिक मानदेय दिया जाए।2. प्रत्येक लोकल यूथ को नियुक्ति पत्र जारी किया जाए।3. लोकल यूथ को राजस्व सहायक का दर्जा दिया जाए। 4. हर सीजन में नई नियुक्ति की जगह, पूर्व से कार्यरत युवाओं को ही निरंतर रूप से अवसर दिया जाए और बिना ठोस कारण या नोटिस के नहीं हटाया जाए।

# रिश्वतखोरी, सेवा नियमों का उल्लंघन, तीन संतान और रिश्तेदारों को लाभ देने के गंभीर आरोप

### कलेक्टर से की गई शिकायत, निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग

**डिंडौरी ।** शहपुरा तहसील में पदस्थ राजस्व निरीक्षक बलीराम साहू पर गंभीर अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। ग्राम संग्रामपुर निवासी शेख लाल तेकाम ने जिला कलेक्टर को एक लिखित शिकायत सौंपकर इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि बलीराम साहू ने सीमांकन के नाम पर उनसे 10 हजार रुपये की रिश्वत ली, लेकिन काम पूरा नहीं किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शेख लाल तेकाम ने बताया कि दिनांक 15 मई 2025 को सीमांकन के लिए जब वह बलीराम साहू से मिलने उनके कार्यालय पहुंचे, तो उनसे 10 हजार रुपये की मांग की गई। पैसे देने के बाद भी सीमांकन कार्य अधूरा रहा, और जब इसके संबंध में पुनः संपर्क किया गया तो अधिक पैसे की मांग की गई। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि इस वार्ता की एक ऑडियो रिकॉर्डिंग वायरल हो चुकी है, जिसमें पैसे की मांग स्पष्ट रूप से सुनी जा सकती है।
शिकायत में यह भी उल्लेख है कि बलीराम साहू का स्थायी निवास ग्राम शहपुरा है, और शासन के



स्पष्ट दिशा-निर्देशों के बावजूद वे वर्षों से अपने गृह ग्राम एवं गृह तहसील में ही पदस्थ हैं। मध्यप्रदेश शासन के सेवा नियमों के अनुसार कोई भी राजस्व अधिकारी या कर्मचारी अपने गृह अनुभाग में पदस्थ नहीं रह सकता, लेकिन बलीराम साहू वर्षों से इसी क्षेत्र में पदस्थ हैं। शिकायतकर्ता का आरोप है कि साहू ने स्थानीय प्रभाव और राजनीतिक संबंधों के दम पर स्थानांतरण आदेश होने के बावजूद उसे रुकवा लिया।

**नियमों की और भी अवहेलना: तीन संतान होने का मामला**

शिकायत में एक और गंभीर आरोप यह लगाया गया है कि बलीराम साहू के तीनों बच्चे 26 जनवरी 2001 के बाद जन्मे हैं, जो मध्यप्रदेश शासन की जनसंख्या नियंत्रण नीति के अंतर्गत शासकीय सेवा के लिए अयोग्य बनाता है। प्राप्त जन्मतिथियों के अनुसार उनके बच्चों का जन्म क्रमशः वर्ष 2002, 2005 और 2008 में हुआ है। इस संदर्भ में समग्र आईडी जैसे साक्ष्य भी शिकायत के साथ संलग्न किए गए हैं। पूर्व में भी इस विषय पर शिकायतें कलेक्टर कार्यालय में दी गई थीं, लेकिन कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई।

**- रिश्तेदारों को लाभ पहुंचाने का आरोप**

शेख लाल तेकाम ने यह भी आरोप लगाया कि बलीराम साहू ने पद का दुरुपयोग करते हुए अपने रिश्तेदारों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से बिना वैध नक्शा कटवाए जमीन सीमांकन करवा दिया है। उन्होंने दीपक उरैती नामक व्यक्ति का उल्लेख करते हुए दावा किया कि यह ताजा मामला है, और यदि जांच की जाए तो और भी ऐसे प्रकरण सामने आ सकते हैं। वहीं शिकायतकर्ता ने जिला प्रशासन से मांग की है कि बलीराम साहू के खिलाफ विस्तृत और निष्पक्ष जांच कराई जाए। यदि आरोप सिद्ध होते हैं तो उन्हें सेवा से बर्खास्त किया जाए या कम से कम उनका स्थानांतरण तत्काल प्रभाव से बजाग तहसील किया जाए, ताकि वे अपने गृह क्षेत्र में प्रभाव का दुरुपयोग न कर सकें।

# शहपुरा का बाजार चौक बना 'पार्किंग हब' श्रीराम मंदिर व स्कूल वाहन हुए बाधित



**शहपुरा।** नगर के ऐतिहासिक व धार्मिक महत्व वाले बाजार चौक प्रांगण की तस्वीर इन दिनों चिंता का कारण बन गई है। यहां हर दिन दर्जनों बड़ी फोर व्हीलर गाड़ियां सीधे चौक प्रांगण के अंदर खड़ी कर दी जाती हैं, जिससे क्षेत्र की मूल संरचना और उपयोगिता पूरी तरह प्रभावित हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले यह स्थान बच्चों के खेलने, धार्मिक आयोजनों और सार्वजनिक आवाजाही के लिए खुला और व्यवस्थित हुआ करता था। लेकिन अब यह पूरा परिसर अव्यवस्थित पार्किंग स्थल में तब्दील हो गया है। सबसे गंभीर बात यह है कि पास ही स्थित श्रीराम मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को भी जाम की वजह से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही स्कूल वाहन बच्चों को लेने प्रांगण तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। कई बार एंबुलेंस जैसी आपातकालीन सेवाएं भी जाम में फंस चुकी हैं। स्थानीय दुकानदारों और रहवासियों का कहना है कि वे इस समस्या को लेकर कई बार नगर परिषद और प्रशासन को अवगत करा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। जनता की मांग है कि बाजार चौक प्रांगण को नो-पार्किंग क्षेत्र घोषित कर वहां ट्रैफिक पुलिस की निगरानी लगाई जाए और वैकल्पिक पार्किंग की उचित व्यवस्था की जाए। यदि समय रहते सुधार नहीं हुआ, तो यह अराजकता किसी बड़े हादसे को भी न्योता दे सकती है।

# अजब डिंडौरी की गजब कहानी: 13 बच्चों पर 4 शिक्षक, फिर भी पढ़ाई ठप!

### बहेरा टोला की प्राथमिक शाला में शिक्षा विभाग की लापरवाही उजागर

**डिंडौरी ।** एक तरफ केंद्र और राज्य सरकार शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने संकल्पित हैं इसके साथ ही स्कूलों में विद्यार्थियों की ज्यादा से ज्यादा उपस्थित के तमाम तरह के लुभावने और शिक्षा व्यवस्था की हकीकत जाननी हो तो आदिवासी बहुल डिंडोरी जिले की इस प्राथमिक शाला पर नजर डालिए। जनपद पंचायत डिंडोरी के अंतर्गत ग्राम पंचायत पलकी के बहेरा टोला स्थित प्राथमिक शाला में कुल 13 छात्र दर्ज हैं, लेकिन यहां चार शिक्षक पदस्थ हैं। इसके बावजूद पढ़ाई ठप है और बच्चे शिक्षा से वंचित हैं। शाला में कक्षा पहली में 1, दूसरी में 2, तीसरी में 1, चौथी में 3 और पांचवीं में 6 बच्चे दर्ज हैं — यानी कुल 13 छात्र। हैरानी की बात यह है कि इतनी कम संख्या के बावजूद यहां चार शिक्षक पदस्थ हैं। हाल ही में स्थानांतरित होकर आए शिक्षक राजेन्द्र उददे ने बताया कि एक शिक्षक डाइट प्रशिक्षण पर गए हुए हैं। एक शिक्षिका ने 15 तारीख को ज्वॉइन तो किया, लेकिन इसके बाद से लगातार अवकाश पर हैं।



वहीं, पहले से पदस्थ एक अन्य शिक्षक बिना सूचना के अनुपस्थित हैं। अर्थात शाला में उपस्थित चार में से तीन शिक्षक या तो अवकाश पर हैं या ड्यूटी से गैर हाज़िर। ऐसे में एकमात्र शिक्षक के भरोसे पूरी शाला चल रही है।

गौरतलब है कि जिले में कई स्कूल ऐसे भी हैं जहां शिक्षक नहीं हैं और अतिथि शिक्षकों के भरोसे शालाएं चल रही हैं। ऐसे में बहेरा टोला जैसे विद्यालयों में चार शिक्षक तैनात करना शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है।

# युवा हॉस्पिटल शहपुरा ने किया कांवरियों का भव्य स्वागत

### अंगवस्त्र भेंट कर किया सम्मान

**शहपुरा।** शहपुरा से एक सुंदर और श्रद्धा से परिपूर्ण तस्वीर सामने आई है जहाँ युवा हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर शहपुरा द्वारा मां नर्मदा घाट मालपुर से मानिकपुर अभिषेक हेतु जा रहे कांवड़ यात्रियों का भव्य स्वागत किया गया।



बाजे-गाजे के साथ जब कांवरियों का जत्था शहपुरा पहुँचा तो माहौल पूरी तरह से भक्तिमय हो गया । युवा हॉस्पिटल परिसर में पहुँचते ही कांवरियों का आरती उतार कर स्वागत किया गया। श्रद्धा और सेवा के प्रतीक स्वरूप चंदन वंदन किया गया और उन्हें अंगवस्त्र भेंट स्वरूप प्रदान किए गए।इस दौरान अस्पताल स्टाफ एवं प्रबंधन ने बताया कि यह सेवा हर वर्ष की जाती है ताकि धार्मिक यात्रियों को सम्मान और सहयोग मिल सके।"हम हर साल कांवड़ यात्रा में निकले भक्तों का स्वागत करते हैं, यह हमारा सौभाग्य है कि हम सेवा के इस पुण्य कार्य से जुड़ पाते हैं। युवा हॉस्पिटल प्रतिनिधि युवा हॉस्पिटल शहपुरा द्वारा किया गया यह आयोजन न केवल सेवा की मिसाल है बल्कि समाज में समर्पण और धार्मिक सौहार्द की एक प्रेरक झलक भी पेश करता है।

# कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या की अध्यक्षता में आयोजित हुई जनसुनवाई

### जनसुनवाई में प्राप्त 68 आवेदनों पर हुई सुनवाई

**डिंडौरी।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या की अध्यक्षता में जनसुनवाई आयोजित की गई, जिसमें जिले भर से आए नागरिकों ने अपनी विभिन्न समस्याएं और शिकायतें प्रस्तुत कीं। जनसुनवाई के दौरान कुल 68 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही त्वरित निराकरण किया गया। जिन मामलों में तत्काल निराकरण संभव नहीं हो पाया, उनमें संबंधित आवेदकों को निश्चित समय-सीमा में समाधान का आश्वासन दिया गया। जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत श्री अनिल कुमार राठौर, एसडीएम डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी, डिप्टी कलेक्टर श्री वैधनाथ वासनिक सहित अन्य विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों ने अपनी स्थानीय समस्याओं को लेकर जनसुनवाई में आवेदन प्रस्तुत कर शीघ्र निराकरण की मांग की है। ग्राम अमठेरा तहसील शहपुरा निवासी श्री चैतू सिंह ने अपने खेत की भूमि में हो रहे नुकसान को लेकर शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि बंजर नाले पर निर्माणाधीन स्टाप डेम की गुणवत्ता खराब होने के कारण फूट जाने से नाले का पानी खेतों में घुस रहा है, जिससे करीब 25-30 डिसमिल भूमि पर लगी फसलें बर्बाद हो रही हैं। जिस पर कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने सीईओ जनपद पंचायत को जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार ग्राम समनापुर निवासी शूलभ कुमार मांझी ने समनापुर शराब दुकान के ठेकेदार के द्वारा शासन से निर्धारित एमआरपी से अधिक दाम पर शराब बेची जा रही है। जिस पर कलेक्टर ने एसडीएम डिंडौरी को जांच कर दो दिवस के अन्दर जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिससे संबंधित के उपर कार्यवाही की जा सके। शासकीय कन्या क्रीडा परिसर शहपुरा की छात्राओं ने अधीक्षिका द्वारा मीनू के अनुसार भोजन न दिए जाने और समय पर खानपान व्यवस्था नहीं होने की शिकायत करते हुए खेल परिसर को सुचारु रूप से संचालित करने की गुहार लगाई। झगरहटा समस्त ग्रामवासियों एवं बालक छात्रावास के बच्चों ने आवेदन प्रस्तुत कर छात्रावास अधीक्षक के स्थानांतरण होने के बावजूद भी छात्रावास से मोहमाया के चक्कर में एवं छात्रावास की बच्चों को परेशान करने की शिकायत दी है। जिस पर कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने




सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग को कन्या क्रीडा परिसर शहपुरा की जांच कर संबंधित के उपर कार्यवाही करने एवं बालक छात्रावास झगरहटा के अधीक्षक को हटाते हुए नवीन व्यवस्था करने के निर्देश दिए ताकि छात्रों को किसी प्रकार की समस्या न हो। ग्राम पंचायत नारायणडीह के श्रमिक श्री विक्रम सिंह परस्ते ने मनरेगा मजदूरी भुगतान न होने की शिकायत दर्ज कराई। श्रमिक ने बताया कि फरवरी 2025 से मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया है। जिस पर कलेक्टर ने सीईओ जनपद पंचायत डिंडौरी को जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत कंचनपुर के पोषक ग्राम तितराही प्राथमिक शाला बनवासी टोला के खेल मैदान में आम लोगों के द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है, जिस पर कलेक्टर ने सीईओ जनपद पंचायत समनापुर एवं तहसीलदार समनापुर को अतिक्रमण हटाकर खेल मैदान मुक्त कराने के निर्देश दिए जिससे ग्रामीण क्षेत्र में खेल को बढावा मिल सके। आवेदक दिनेश कुमार पिता चमन लाल निवासी पचगांव ने अपने पिता की मृत्यु के होने के उपरांत अनुकम्पा नियुक्ति मांग की है। जिस पर कलेक्टर ने जनपद सीईओ बजाग को अनुकम्पा नियुक्ति की पूर्ण कार्यवाही करते हुए कलेक्टर को अवगत कराने के निर्देश दिए। कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास रूसा में आदिवासी कोटा में नियुक्त अधीक्षिका पद से पृथक करने हेतु ग्रामवासी/पंच, सरपंच ने लिखित आवेदन कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया। कि छात्रावास के बच्चों को मीनू के अनुसार भोजन, बच्चों के साथ दुरूव्यवहार, अधीक्षिका के छात्रावास अनुपस्थिति रहना, बच्चों से झाडू-पोंछा लगवाना एवं छात्रावास में बच्चों की व्यक्तिगत सामग्री जलकर खाक हो गई जिसे फायर ब्रिगेड द्वारा आग बुझाई गई, जिसकी जांच आज दिनांक तक अधीक्षिका द्वारा नहीं कराई गई। लापरवाही की शिकायत की गई, जिस पर कलेक्टर ने सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग को जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

ग्रामीणों ने आवेदनों के माध्यम से अधिकारियों से उचित कार्रवाही और त्वरित समाधान की मांग की है। सभी आवेदन पर प्रशासन द्वारा जांच कर उचित निर्णय लेने का आश्वासन दिया गया।

### सर्मथन मूल्य पर मूंग विक्रय का मामला

## स्लाट बुक ना होने से परेशान हो रहे किसान, वेयर हाउसों पर लग रही भीड़

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर

जिले में मूंग और उडद की खरीदी के लिए बनाए गए केंद्रो में भारी अनियमितताएं और समस्याओं व्याप्त है जिससे किसानों को भारी परेशानी हो रही है वहीं पक्षपात पूर्ण तरीके से वेयरहाउस लिए गए हैं जिससे कई सवाल उठ रहे हैं। अनाज की समय पर तुलाई भी नहीं हो पा रही। इसे लेकर किसानों में रोष है। वही मिली जानकारी के अनुसार मूंग विक्रय के लिए सर्वर की समस्या के कारण किसानों के स्लॉट बुक ना होने के कारण मूंग का विक्रय नहीं हो पा रहो वही निर्धारित वेयर हाउसों के आसपास किसान मूंग लेकर अपनी मूंग तुलने का इंतजार कर रहे है।





### स्लॉट बुक करने मे हो रही परेशानी

म. प्र. सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर उड़द एवं मूंग खरीदी अगस्त तक किया जाना तय किया गया है। जिसमें जिले के पंजीकृत वेयर हाउस में मूंग का उपार्जन किया जा रहा है लेकिन सर्वर की समस्या के कारण किसानों को मूंग विक्रय का स्लॉट बुक करने मे परेशानी उत्पन्न हो रही है। वही किसानों द्वारा अपनी उपज को बेचने का बेसबरी से इंतजार है लेकिन प्रशासनिक कार्रवाई बाधा उत्पन्न की रही है। मूंग विक्रय मे आने वाली समस्याओं को लेकर किसानों द्वारा जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंप कर भी अवगत कराया जा चुका है लेकिन किसानों की समस्या का कोई स्थाई समाधान नहीं निकाला गया है।

### किसानों से किया जा रहा अधिक तौल

सरकार द्वारा समर्थन मूल्य उपार्जन तथा खरीदी के लिए मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार खाली बोरी का वजन 530 ग्राम निर्धारित किया गया हैं। लगभग सभी वेयर हाउसो पर प्रति बोरी 50 किलो पर 530 ग्राम के स्थान पर 850 ग्राम याने की प्रति 50 किलों पर 300 ग्राम अत्तिरिक्त तोल की जा रही है इस तरह किसानों का आर्थिक शोषण किया जा रहा है। किसानों द्वारा बताया गया कि वेयर हाउस में स्थित कर्मचारियों द्वारा प्रति बोरी पर 50 किलो 800 ग्राम की तौल की जा रही है जो कि 50 किलो 550 ग्राम की तौल की जाना चाहिए। जिले सभी वेयर हाउसों पर तत्कालीन समस्या समाधान करे की मांग की जा रही है। वही जिले में मूंग और उडद की खरीदी के लिए बनाए गए केंद्रों में भारी अनियमितताएं और समस्याएं व्याप्त है जिससे किसानों को भारी परेशानी हो रही है वहीं पक्षपात पूर्ण तरीके से वेयरहाउस लिए गए हैं जिससे कई सवाल उठ रहे हैं। अनाज की समय पर तुलाई भी नहीं हो पा रही। इसे लेकर किसानों में रोष है।

### वेयर हाउसों पर लग रही भीड़

सरकार द्वारा उड़द मूंग उपार्जन के लिए बनाए गए पोर्टल पर पंजीयन स्लाट बुक ना होने के कारण किसानों को परेशानी का समाना करना पड़ रहा है। वही वेयर हाउसों पर शासन के निर्देशानुसार पर्याप्त व्यवस्थाएं भी उपलब्ध नही है। मौसम की विपरीत परिस्थितियों के देखते हुए किसानों द्वारा मूंग विक्रय शीघ्र किया जा रहा है। यदि बारिश होती है तो किसानों की मूंग पर बारिश का बुरा असर पड़ सकता है। किसानों द्वारा अपने वाहनों पर ढक कर मूंग को खरीदी केन्द्र लाया जा रहा है। लेकिन सर्वर की समस्या होने के कारण मूंग विक्रय नही हो पा रही है जिससे वेयर हाउसों के आसपास बड़ी संख्या मे किसानों के वाहनों को तांता लगा हुआ है।

## खबर संक्षेप

### सियार के हमले से मर रहे पशु

हरिभूमि न्यूज ▸▸ परासिया

परासिया वन परिक्षेत्र में बीते कुछ समय से जंगली जानवरों का आतंक ग्रामीणों के लिए चिंता जनक बना हुआ है। कहीं तेंदुआ , कहीं जंगली सूअर तो कहीं सियार के हमले होने की खबरें आ रही है। हाल ही में ग्राम पंचायत धमानिया के ग्रामीणों ने सियार के हमले से उनके पशुओं के मरने , बीमार होने और संक्रमण का खतरा होने की शिकायत पशु और वन अधिकारियों के साथ - साथ जनपद अध्यक्ष और एस सी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष से की है। ग्रामीण नंदू ग्वालवंशी ने बताया , कि दो माह से उनके ग्राम धमानिया में सियार (लोमड़ी) के द्वारा गांव में आकर उनके पशुओं को शिकार बनाया जा रहा है। उचित उपचार नहीं होने के चलते उनके पशु बीमार होकर मर रहे हैं। इस मामले में पशु चिकित्सकों और वन विभाग के लोगों को कई बार बताया गया , लेकिन किसी ने कोई सुध नहीं ली। जिन पशुओं को सियार काट रहे हैं वे बीमार पड़ रहे हैं। लंबे समय तक पशुओं के बीमार रहने के चलते गांव में संक्रमण फैलने का खतरा मंडरा रहा है। इस मामले में जनपद अध्यक्ष आशा आम्रवंशी और एस सी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अशोक आम्रवंशी से सहयोग मांगा गया है , उन्होंने अधिकारियों से बात कर समस्या का समाधान कराने की बात कही है।

### लोधीखेड़ा पुलिस ने किया अंधे हत्याकांड का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छिंदवाड़ा

लोधीखेड़ा पुलिस ने बीते दिनों हुए अंधे हत्याकांड का खुलासा करते हुए आरोपी को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने आज पुलिस द्वारा एक जघन्य सनसनीखेज मामले के आरोपी को 24 घंटो के भीतर गिरफ्तार किया गया। पकडे गये उक्त आरोपी की गिरफ्तारी से क्षेत्र की जनता ने पुलिस की त्वरीत कार्यवाही की क्षेत्र की जनता के द्वारा प्रशंसा की गई।

**आरोपी से जप्तशुदा साम्रगी-**

1. घटना मे प्रयुक्त पत्थर
2. घटना समय मे पहने हुये खून से सने स्वंय के कपडे
3. घटना के समय पहनी हुयी खून के धब्बे लगे चप्पल

**गिरफ्तार आरोपी** - राजकुमार उर्फ राजेन्द्र पिता सुखपाल कवरेती उम्र 37 साल निवासी वार्ड न 13 ग्राम गडिया थाना बिछुआ जिला छिन्दवाडा हाल निवास जामसावली हनुमान मंदिर के सामने टेकडी थाना सौसंर।

### नगर निगम ने गोलगंज में धराशयी किया जर्जर मकान

**छिंदवाड़ा।** नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय के आदेश पर निगम के अतिक्रमण दल एवं **pwd** शाखा द्वारा छोटी माता वार्ड क्रमांक 31 गोलगंज स्थित जीर्ण शीर्ण भवन को ध्वस्त किया गया। इस भवन में श्री विद्यापीठ, संस्कृत पुस्तकोन्ति सभा, निवासी मोहल्ला तरहटी परगना जिला-इटावा उत्तरप्रदेश , अभय कोठारी, हिमेश शुक्ला , दीप गुप्ता (गणेश इलेक्ट्रानिक्स) निवासरत थे। वार्ड क्रमांक 31 छोटी माता मंदिर वार्ड गोलगंज छिन्दवाड़ा में स्थित उक्त भवन जिसका भवन क्रमांक 620 नजूल सीट नं. 17, भूखंड क्रमांक 171/1,174/1, मे स्थिति था। इस भवन को तोड़ने के पूर्व नगर निगम द्वारा नोटिस जारी कर बताया गया था कि उक्त भवन जीर्ण शीर्ण अवस्था में है। जिसकी दीवारे क्षतिग्रस्त एवं जर्जर हो चुकी हैं। नोटिस जारी होने एवं पर्याप्त अवसर देने के बाद भी उक्त भवन को हटाने की कार्यवाही निवासियों द्वारा नहीं की गई। भवन के अचानक धराशायी होने से जनधन की हानि होने की आशंका को ध्यान में रखते हुए उक्त भवन को जेसीबी मशीन की सहायता से हटाया गया।

## हाइवे पर सड़क दुर्घटनाओं को रोकने सकारात्मक प्रयास

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।



राष्ट्रीय राजमार्ग- 44 के सेक्शन में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने सड़क सुरक्षा को लेकर तीव्र गति से सुधारात्मक कार्य शुरू कर दिए हैं। एन एच ए आई द्वारा सड़क पर बने गड्ढों की मरम्मत युद्धस्तर पर की जा रही है ताकि वाहन चालकों को असंतुलित होने से रोका जा सके। इसके साथ ही, चेतावनी और दिशा संकेतक साइन बोर्डों को नए स्थानों पर लगाया जा रहा है, जिससे चालकों को मार्ग की स्थिति की स्पष्ट जानकारी मिल सके और दुर्घटनाओं की संभावना कम हो। इसी क्रम में, गौ-सुरक्षा को लेकर एक सराहनीय कदम उठाया गया है। अक्सर सड़क पर घूमती गायों के कारण रात के समय दुर्घटनाएं हो जाती हैं। इसे रोकने के लिए गायों के गले में रिफ्लेक्टिव टेप लगे बेल्ट बांधे जा रहे हैं, जिससे वे रात के अंधेरे में दूर से ही दिखाई दें और वाहन चालक समय रहते सतर्क हो सकें। एन एच ए आई के अधिकारियों ने बताया कि सड़क की मरम्मत और सुरक्षा संबंधी सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है, ताकि सड़क को दुर्घटना-मुक्त और सुरक्षित मार्ग बनाया जा सके।

## उप स्वास्थ्य केंद्र में हुआ दस्तक अभियान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

गत दिवस ब्लॉक अंतर्गत उप स्वास्थ्य केंद्र मगरधा में दस्तक अभियान का शुभारंभ सिंहपुर मंडल अध्यक्ष राघवेंद्र जाट, नकटुआ सरपंच कमलेश मलैया, सी बी एम ओ डॉ. श्रीमति ऋचा मिश्रा, बी ई वेद प्रकाश सेन, बी सी एम दीपेश नेमा व कर्मचारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।



अतिथियों के स्वागत पश्चात 0 से 5 वर्ष तक उम्र के बच्चों को विटामिन ए की खुराक ए एन एम श्रीमती वाणी कटारे के द्वारा पिलाई गई। इस अवसर पर संस्था सी एच ओ श्रीमति रागिनी पटेल, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमति जसवीर धारीवाल, आशा सहयोगिनी श्रीमति जीरा मेहरा, आशा कार्यकर्ता श्रीमति प्रमिता महार, श्रीमति कृष्णा लडिया, श्रीमति क्रांति साहू, श्रीमति सोरपति साहू, श्रीमति रिंकी मेहरा, श्रीमति जानकी विश्वकर्मा एवं ग्रामीण जन व हितग्राही उपस्थित रहे।

## नाबालिक बच्चों को दी समझाइश

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

गत दिवस थाना सुआतला पुलिस द्वारा स्थानीय स्कूलों में चेकिंग कर विद्यार्थियों को समझाइश दी गई। थाना प्रभारी द्वारा बताया गया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार थाना क्षेत्र के सभी स्कूलों पर चैकिंग की गई जिसमें आदर्श ज्ञान ज्योति विद्यालय राजमार्ग लोलरी, शारदा विद्या निकेतन राजमार्ग में पढ़ने वाले छात्रों द्वारा दो पहिया वाहन लाया जाता है। जिन पर चैकिंग कर कार्रवाई करते हुए समझाइश दी गई।

## नशा मुक्ति की दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।



गत दिवस शासकीय कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरहटा में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई बरहटा एवं पुलिस थाना मुंगवानी के सयुक्त के तत्वावधान में नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत छात्र छत्राओ को नशे से दूर रहने की हिदायत दी गई एवं नशा मुक्ति शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही यातायात नियम, पोक्सो साइबर क्राइम की जानकारी दी व बच्चों की सुरक्षा के लिए 1098 की जानकारी दी। शासकीय कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नशे से दूरी, है जरूरी कार्यक्रम के अंतर्गत थाना मुंगवानी से थाना प्रबंधक संजय सूर्यवंशी एवं टीम सहित पास्को एक्ट एवं नशे के दुष्प्रभाव आदि के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए शपथ दिलाई गई। तत्पश्चात संकुल प्राचार्य एस के बक्शी जी द्वारा भी उक्तशय में छात्रों को निर्देशित किया।कार्यक्रम समापन में थाना टीम सहित संस्था के समस्त शिक्षकों की उपस्थिति में वृक्षारोपण कार्य किया गया।समस्त आयोजन में वरिष्ठ नागरिक पंडित बृज भूषण बाजपेई, एन एस एस कार्यक्रम अधिकारी शरद गुप्ता, वरिष्ठ शिक्षक सुनील दीक्षित, पी एस किंकर, भागचंद झारिया, जे पी कोरी, गनी, तरुवर पटेल, सरिता कोरी, शायना फरहीन, पुष्पेंद्र पूषाम, राजेश सिंगोतिया सहित समस्त संस्था स्टाफ की सहभागिता रही।

## हनुमान चालीसा पाठ का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।



राष्ट्रीय हिन्दू वाहिनी संगठन का स्थापना दिवस अनगढ़ हनुमान मंदिर में मुख्य मोर्चा एवं महिला मोर्चा नरसिंहपुर के संयुक्त तत्वाधान मे हनुमान जी के पूजन एवं हनुमान चालीसा पाठ कर मनाया गया। आशुतोष द्विवेदी राष्ट्रीय पर्यवेक्षक एवं जिला प्रभारी के मुख्य आतिथ्य में, एस, के, चतुर्वेदी जिला अध्यक्ष मुख्य मोर्चा की अध्यक्षता में, अरूण शर्मा जिला उपाध्यक्ष के विशिष्ठ आतिथ्य में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य मोर्चा एवं महिला मोर्चा की कार्यकारिणी के गठन पर चर्चा एवं निर्णय लिया गया। आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। इस अवसर पर लेखराम राय, अमित राय दीप्ति दुबे, भारती दीक्षित, सुषमा मिश्रा, मिथलेश भार्गव, शकुन नामदेव, विनीता पांडे, माधुरी गुप्ता की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। अंत में प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम सानंद सम्पन्न हुआ।

## जनसुनवाई में आये 90 आवेदन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** मंगलवार को कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में पहुंचे लोगों के आवेदन पत्रों की सुनवाई की। उन्होंने जनसुनवाई में पहुंचे आवेदकों के आवेदन पत्रों का तत्काल निराकरण किया। जिन आवेदन पत्रों का तत्काल निराकरण नहीं हो सका, उसके लिए आवेदकों को समय सीमा दी गई है, विभागीय अधिकारियों को उक्त आवेदन पत्रों का समय सीमा में निराकरण कर आवेदक को अवगत कराना होगा। इस दौरान जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह सहित अन्य अधिकारियों ने भी लोगों की समस्याएं सुनी व आवेदन लिए और समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिये। आयोजित जनसुनवाई में 90 आवेदन पत्र प्राप्त हुए।

## लीनेस वीरांगना क्लब द्वारा मनाया गया हरियाली महोत्सव

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस लीनेस वीरांगना क्लब द्वारा मुशरान पार्क में हरियाली तीज महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर धार्मिक, सांस्कृतिक एवं पर्यावरणीय गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां वैष्णो देवी एवं भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना से हुई। इसके पश्चात मां वैष्णो देवी को चुनरी एवं सुहाग सामग्री अर्पित की गई। क्लब की सभी सदस्य बहनों को कुंकुम तिलक कर सुहाग सामग्री वितरित की गई। महोत्सव के अवसर पर सभी बहनों द्वारा प्रकृति प्रेम को समर्पित हरी साड़ी का पहनाव कर पर्व को और भी मनोहारी रूप दिया गया। कार्यक्रम में राधा-कृष्ण की भव्य झांकी, मधुर भजन प्रस्तुति और मनोरंजनात्मक गेम्स ने वातावरण को आनंदमय बना दिया। पर्यावरण संरक्षण के संदेश को आगे बढ़ाते हुए क्लब की बहनों द्वारा आम, नीम, बेलपत्र एवं शमी जैसे पौधों का सामूहिक पौधारोपण भी किया गया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष सविता महोबिया, सचिव पूनम धुर्वे, कोषाध्यक्ष रजनी राजोरिया, मल्टीपल डायरेक्टर एवं संरक्षक रूपकला कटारे, पूर्व अध्यक्ष पूनम जैन, पूर्व एरिया ऑफिसर अर्चना राय, उपाक्ष्य ममता नामदेव, प्रीति गोस्वामी, ज्योत्सना राय, रेनु नौरियि, विनीता चैरसिया, ऊवर्सी पाठक , सपना विश्वकर्मा, आयुशी यादव सहित क्लब की सभी सदस्य बहनें उपस्थित रहीं। क्लब अध्यक्ष सविता महोबिया ने कहा कि हरियाली तीज भारतीय परंपरा, नारी सौंदर्य एवं प्रकृति से जुड़ाव का पर्व है, जिसे क्लब ने सांस्कृतिक समरसता के साथ मनाया।



## खाद्य दुकानों में नहीं है स्वच्छता के पुख्ता इंतजाम, आम जनों के स्वास्थ्य से हो रहा खिलवाड़

हरिभूमि न्यूज - गोटेगांव।

स्थित मिष्ठान भंडारो होटलों में गंदगी का लगा अंबार बगैर चिकित्सीय परीक्षण ब प्रमाण पत्र के कार्य कर रहे होटलों ब दूध डेयरीयो में नशेड़ी ब संक्रमित बीमारियों से ग्रसित युवाओं का जमावड़ा खाद्य अधिकारी की लगातार लापरवाही पड़ सकती हैं आमजन पर भारी होटल ब खाद्य पदार्थों की बिक्री के लिए चिकित्सीय परीक्षण की होती हैं अतिआवश्यकता मिलावट युक्त खाद्य पदार्थों की बिक्री से आमजन को गंभीर बीमारी होने की आशंका जानकारी के लिए बता दूं कि फूड विभाग अधिकारी पदस्थ लंबे समय से हैं लेकिन उन्हें मिली जिम्मेदारी का कोई भी अहसास नहीं हैं ऐसा प्रतीत होता हैं चैन की नींद सो रहे फूड अधिकारी प्रत्येक तहसील में एक फूड अधिकारी को पदस्थ किया जाता हैं जिससे शहर में किसी भी प्रकार की मिलावटी सामग्री की बिक्री न हो सके लेकिन फूड अधिकारी की उदासीनता का परिणाम आमजन को भुगतना होगा दूध डेयरी संचालक अपनी अपनी गोदामों में मशीन लगाकर रखें हैं जिससे दूध की क्रीम निकालकर उसमें अनेकों केमिकल मिलाकर बिना किसी भय के पूरी निर्भीकता से आमजन को चुना लगा रहे हैं होटलों में कढ़ाई की सफाई नियमित नहीं होती जो सोया तेल उपयोग किया जाता हैं उसकी गुणवत्ता का एक मानक निर्धारित हैं लेकिन उन मानकों का कोई भी दुकानदार पालन नहीं करता एक ही तेल लगातार उस कड़ाई में उबलता रहता हैं जिससे कैंसर जैसी गम्भीर बीमारी होने की संभावना बढ़ जाती हैं चुकी फूड अधिकारी की तरफ से कोई कार्यवाही नहीं होती उसका परिमाण आमजन को भुगतना होता हैं फूड अधिकारी की क्या क्या हैं महत्वपूर्ण जिम्मेदारी जिनका निर्वहन करना हैं बेहद हैं जरूरी फूड अधिकारी की मुख्य जिम्मेदारी खाद्य पदार्थों की सुरक्षा और गुणवत्ता सुनिश्चित करना है। फूड अधिकारी खाद्य सुरक्षा कानूनों और नियमों को लागू करते हैं और उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हैं. जागरूकता बढ़ाना वे खाद्य सुरक्षा के बारे में जनता और खाद्य व्यवसाय संचालकों को शिक्षित करते हैं शिकायतों का निवारण फूड अधिकारी खाद्य सुरक्षा से संबंधित शिकायतों की जांच करते हैं और उनका निवारण करते हैं खाद्य व्यवसाय का पंजीकरण वे खाद्य व्यवसाय संचालकों को पंजीकरण जारी करते हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि वे खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन कर रहे हैं फूड अधिकारी की भूमिका सार्वजनिक स्वास्थ्य की सुरक्षा में महत्वपूर्ण है, और वे यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं कि जनता को सुरक्षित और स्वस्थ खाद्य पदार्थ उपलब्ध हों।



### इनका कहना है

मैंने अनेकों दुकानों से सैंपल्स लिए हैं कुछ की जांच रिपोर्ट आ गई हैं कुछ जांच रिपोर्ट आना बाकी हैं मैं कल तक बता पाऊंगी कि किसकी जांच रिपोर्ट में क्या आया हैं मैडम के द्वारा जानकारी लेना चाहा लेकिन कोई भी कॉल रिसीव नहीं की जा रही हैं।

**सरिका दुबे**
**फूड अधिकारी**

## मुस्लिम समुदाय ने मेधावी छात्र-छात्राओं का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज - गोटेगांव।

विगत दिवस स्थानीय मुस्लिम समाज के द्वारा सामाजिक कार्यों में एक बेहतरीन पल की गई जिसमें जमा मस्जिद कमेटी और राजा दरबार मस्जिद कमेटी ने मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह में आयोजित किया गया! जिसमें मुस्लिम समुदाय की वरिष्टों ने बताया कि आज हमारी समाज के गौरवशाली विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें कक्षा दसवीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में जिन बच्चे बच्चियों ने 80: से अधिक अंक प्राप्त कर परीक्षा में सफलता हासिल की है उन्हें समाज की वरिष्ठ लोगों की मौजूदगी में शील्ड और प्रोत्साहन राशि देकर पुरस्कृत किया गया वहीं उपस्थित मेघावी छात्र-छात्राओं बच्चों का हौसला भी बढ़ाया, साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना कर बच्चों एवं अभिभावकों को फूलमाला पहनाकर शुभकामनाएं प्रेषित किए जाने के पश्चात समाज के वरिष्ठजनो ने उपस्थित जनों एवं छात्र-छात्राओं व अभिभावकों को अपने विचार रखे साथ ही यह उम्मीद जताई कि इस तरह के कार्यक्रम की पहल आने वाले समय में हमारे नरसिंहपुर जिले तहसील और मुस्लिम बाहुल्य गांव में हर साल तालिब ए इल्म बच्चों की हौसला अफजाई के लिए समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रम किए जाएंगे, इस मौके पर विशेष रूप से नरसिंहपुर से वरिष्ठ समाजसेवी सेठ बन्ने खान जनाब हाजी यूनुस मालगुजार रफीक खान चांद कुरैशी मोहम्मद शफी खान जामा मस्जिद कमेटी सदर जनाब हाजी अब्दुल रजाक और रजा दरबार मस्जिद कमेटी सदर सईद मालगुजार उपस्थित थे।